Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 28 मार्च, 2022

विश्व रंगमंच दिवस

दुनिया भर में प्रत्येक वर्ष 27 मार्च को विश्व रंगमंच दिवस (World Theatre Day) के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य दुनिया भर में थियेटर अथवा नाटक कला के महत्त्व के प्रति लोगों में जागरुकता पैदा करना है। विश्व रंगमंच दिवस की शुरुआत वर्ष 1961 में इंटरनेशनल थियेटर इंस्टीट्यूट (International Theatre Institute) द्वारा की गई थी। प्रथा के अनुसार, इस दिन किसी थियेटर के किसी प्रसिद्ध व्यक्ति द्वारा रंगमंच की मौजूदा स्थिति पर विचार व्यक्त करते हुए संदेश दिया जाता है। वर्ष 1962 में पहला विश्व थियेटर दिवस संदेश जीन कोक्टयू द्वारा दिया गया था। वर्ष 2002 में यह संदेश भारत के सबसे प्रसिद्ध थियेटर कलाकार गिरीश कर्नाड ने दिया था। नाटक अथवा थियेटर रंगमंच से जुड़ी एक विधा है, जिसे अभिनय करने वाले कलाकारों के माध्यम से प्रस्तुत किया जाता है। नाटक की परंपरा बहुत प्राचीन है। इस संदर्भ में शेक्सपियर की निम्नलिखित पंक्तियाँ उल्लेखनीय हैं-

ये दुनिया एक रंगमंच है और सभी स्त्री-पुरुष सिर्फ पात्र हैं।

राष्ट्रीय डॉल्फिन दिवस

केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने प्रतिवर्ष 5 अक्तूबर को ‘राष्ट्रीय डॉल्फिन दिवस’ के रूप में आयोजित करने की घोषणा की है। ‘राष्ट्रीय डॉल्फिन दिवस’ को नामित करने का निर्णय ‘राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड’ (NBWL) की स्थायी समिति द्वारा लिया गया है। इस दिवस का उद्देश्य गंगा डॉल्फिन सहित भारत में पाई जाने वाली तमाम प्रकार की डॉल्फिन्स के संरक्षण हेतु जागरूकता पैदा करना और सामुदायिक भागीदारी का बढ़ावा देना है। ध्यातव्य है कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2009 में ‘गंगा डॉल्फिन’ को ‘राष्ट्रीय जलीय पशु’ के रूप में मान्यता दी गई थी। गंगा डॉल्फिन एक संकेतक प्रजाति है, जिसकी स्थिति गंगा पारिस्थितिकी तंत्र की समग्र स्थिति को दर्शाती है, ज्ञात हो कि यह जल गुणवत्ता एवं प्रवाह में परिवर्तन के प्रति बेहद संवेदनशील होती है। इसे ‘इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंज़र्वेशन ऑफ नेचर’ (IUCN) की रेड लिस्ट में ‘लुप्तप्राय’ के रूप में वर्गीकृत किया गया है। इसकी प्रजातियों की वैश्विक आबादी लगभग 4,000 है और तकरीबन 80% भारतीय उपमहाद्वीप में पाई जाती हैं।

वर्ष 2022 के प्रतिष्ठित ऑस्‍कर पुरस्‍कार

लॉस एंजिल्स में वर्ष 2022 के प्रतिष्ठित ऑस्‍कर पुरस्‍कार वितरित किये गए हैं। ‘कोडा’ को बेस्ट फिल्म के लिये ऑस्कर से सम्मानित किया गया है। सर्वश्रेष्‍ठ सहायक अभिनेता का ऑस्‍कर पुरस्‍कार इस बार ट्रॉय कोस्‍तुर को फिल्‍म ''कोडा'' में उनकी भूमिका के लिये दिया गया है। वे ऑस्‍कर के लिये नामित होने और यह पुरस्‍कार जीतने वाले पहले बधिर पुरूष अभिनेता हैं। इसके अतिरिक्‍त सर्वश्रेष्‍ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्‍कार आरि‍याना डि बोस को फिल्‍म वेस्‍टसाइड स्‍टोरी के लिये दिया गया है। सर्वश्रेष्‍ठ सिनेमेटोग्राफी, विज़ुअल इफेक्‍ट्स एवं साउंड के लिये फिल्‍म ड्यून को तीन पुरस्‍कार मिले हैं, जबकि लघु विषय पर सर्वश्रेष्‍ठ वृतचित्र का पुरस्‍कार द क्‍वीन ऑफ बास्‍केट बॉल को दिया गया है। इनकान्‍टो सर्वश्रेष्‍ठ ऐनीमेटेड फीचर फिल्‍म घोषित की गई है, जबकि सर्वश्रेष्‍ठ एनिमेटेड लघु फिल्‍म का पुरस्‍कार द विंडशील्‍ड वाइपर को मिला है। जापान की फिल्‍म ड्राइव माई कार को सर्वश्रेष्‍ठ अंतर्राष्‍ट्रीय फीचर फिल्‍म का पुरस्‍कार मिला है। एकेडमी ऑफ मोशन पिक्‍चर ऑर्टस एंड साइंसेज़ के 94वें एकेडमी अवार्ड समारोह में इस बार 1 मार्च से 31 दिसंबर, 2021 के बीच प्रदर्शित सर्वश्रेष्‍ठ फिल्‍मों को पुरस्कृत किया गया है।

विश्व का पहला वन्यजीव बॉण्ड

विश्व बैंक (इंटरनेशनल बैंक फॉर रिकंस्ट्रक्शन एंड डेवलपमेंट, IBRD) नेब्लैक राइनो की लुप्तप्राय प्रजातियों के संरक्षण के लियेदुनिया का पहला वन्यजीव बॉण्ड (Wildlife Conservation Bond) जारी किया गया है और इसके तहत 150 मिलियन डॉलर जुटाए गए हैं इन बॉण्ड का प्रयोग दक्षिण अफ्रीका के दो संरक्षित वन्यजीव- 'एडो एलीफेंट नेशनल पार्क (AENP) और ग्रेट रिवर नेचर रिज़र्व (GFRNR) में ब्लैक राइनो (काले गैंडे) की संख्या में वृद्धि और संरक्षण हेतु किया जाएगा। यह बॉण्ड 5 साल के लिये जारी किया गया है ताकि ब्लैक राइनो का सतत् विकास हो सके। इस वन्यजीव संरक्षण बॉण्ड (WCB) को "राइनो बॉण्ड (Rhino Bond)" के रूप में भी जाना जाता है। यदि यह कार्यक्रम सफल होता है तो केन्या में बाघ, शेर और गोरिल्ला जैसी अन्य वन्यजीव प्रजातियों के संरक्षण के लिये इसका विस्तार किया जा सकता है। राइनो/गैंडे की कुल पाँच प्रजातियाँ पाई जाती हैं- अफ्रीका में व्हाइट और ब्लैक राइनो (White and Black Rhinos in Africa), एक सींग वाले गैंडे (Greater One-Horned), एशिया में जावा और सुमात्रन गैंडे/राइनो (Javan and Sumatran Rhino) की प्रजातियाँ। ब्लैक राइनो केवल अफ्रीका में पाए जाते हैं। ब्लैक राइनो को आईयूसीएन की रेड लिस्ट में गंभीर रूप से संकटग्रस्त के तौर पर सूचीबद्ध किया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-28-march-2022